**Bhavan's Tripura Vidyamandir**
**2nd Periodic Assessment: (2025-2026)**

**Class:-10** **Subject:- Hindi**
Time:-2 Hours Total: - 50 Marks
Name of the student: Roll No: Sec:

---

**सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।**

**1. अपठित गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए** :- **7**

आज भावनाओं से संबंध रखने वाली संस्कृति का मान नहीं रह गया। आजकल केवल उपभोक्ता संस्कृति का महत्व बढ़ गया है। इसके प्रभाव से आज मनुष्य और इसकी भावना को भी एक चीज, एक वस्तु मान लिया गया है, जिसे कुछ पैसे देकर कोई भी खरीद सकता है। इस तरह की मानसिकता निरंतर बढ़ती जा रही है। ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता का कोई महत्व नहीं रह गया। यदि कोई व्यक्ति ईमानदार रहकर अपने कर्तव्य का पालन करना चाहता है तो उसकी कीमत जानने की कोशिश की जाती है। कीमत देकर या लोभ-लालच देकर उसे भ्रष्ट कर दिया जाता है। सरकारी विभागों में यदि कभी भूल से कोई नियमानुसार कार्य करने वाला व्यक्ति आ जाता है तो भ्रष्टाचारी लोगों को कहते हुए सुना जाता है कि उसकी कीमत जानने की कोशिश करो या उसकी अधिक-से-अधिक कीमत लगाकर देखो, हर आदमी खरीदा जा सकता है। इस तरह कहा जा सकता है कि इस रुपयावादी या धनवादी दृष्टि ने व्यक्ति के धर्म-ईमान, कर्तव्यपरायणता आदि सब कुछ को निगल लिया है। सारी मानवता, मानवता की सारी व्यवस्थाओं को भ्रष्ट करके भीतर से खोखला और खाली बना दिया गया है। आज जो चारों ओर भ्रष्टाचार और काला बाज़ार का धंधा निरंतर पनपता जा रहा है, उसका वास्तविक कारण रुपया है। रुपया पाने के लिए मानव समाज अपने व्यक्तित्व और स्वाभिमान को भी बेचता है। धन मानवता के निरंतर पतन का कारण बनता जा रहा है। कभी जिस रुपये-पैसे को हाथों का मैल समझा जाता था, आज वह सबकी आँखों का अंजन और तारा बन गया है। इसे मानवता के लिए शुभ नहीं माना जा सकता।

1) मनुष्य की भावना किस कारण एक चीज मान ली गई है ? **1**
i) स्वार्थपरता के कारण
ii) उपभोक्ता संस्कृति के कारण
iii) दानशीलता के कारण
iv) कुत्सित मानसिकता के कारण

2) मानवता के निरंतर पतन का कारण क्या है ? **1**
i) स्वाभिमान
ii) धन
iii) विद्वत्ता
iv) अपकारी वृत्ति

3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :-- **1**
कथन (A) : आज चारों ओर भ्रष्टाचार और काला बाज़ार का धंधा निरंतर पनपता जा रहा है।
कारण (R) : गलत ढंग से धन कमाने की प्रवृत्ति ही मानवता के निरंतर पतन का कारण है।
i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं।
ii) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
iii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

4) आजकल किसका महत्व बढ़ गया है और उसका क्या प्रभाव पड़ा है ? 2

5) ईमानदार और कर्तव्यपरायण व्यक्ति के साथ कैसा व्यवहार किया जाता है ? 2

**2. पठित काव्यांश के आधार पर सही विकल्प लिखिए :-** **5X1 = 5**

चलो अभीष्ट मार्ग में सहर्ष खेलते हुए,
विपत्ति, विघ्न जो पड़ें उन्हें ढकेलते हुए।
घटे न हेलमेल हाँ, बढ़े न भिन्नता कभी,
अतर्क एक पंथ के सतर्क पंथ हों सभी।
तभी समर्थ भाव है कि तारता हुआ तरे,
वहीं मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे।

1) कवि किस प्रकार सदैव आगे बढ़ने का आह्वान करता है ?
i) हँसी-खुशी से
ii) संकट टालते हुए
iii) बाधाओं को लाँघते हुए
iv) उपरोक्त सभी

2) कवि अभीष्ट मार्ग पर चलते हुए ध्यान रखने वाली किस सावधानी की ओर संकेत करता है ?
i) बाधाओं की ओर
ii) आपसी सामंजस्य बनाए रखने की ओर
iii) कष्टों की ओर
iv) उपरोक्त सभी

3) निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए :--

कथन (A) : कवि मनुष्य के लिए मनुष्यता का होना अनिवार्य मानता है।

कारण (R) : मनुष्यता के लिए संतोष का होना आवश्यक नहीं है।

i) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत हैं। ii) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है।

iii) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।

iv) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

4) कवि किसके न घटने की बात कह रहा है ?

i) मेलजोल ii) सौहार्द iii) प्रेम iv) उपरोक्त सभी

5) कवि ने किसके न बढ़ने की बात की है ?

i) वैचारिक भिन्नता ii) प्रगाढ़ता iii) सामंजस्य iv) उपरोक्त सभी

**3. <u>'पदबंध' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए</u> :-- 3X1 = 3**

1) कछुआ धीरे-धीरे चल रहा था। (क्रिया पदबंध छाँटकर लिखिए)

2) <u>चाँद से अधिक सुंदर</u> शीला आज उदास क्यों है ? (रेखांकित पदबंध का भेद)

3) घर <u>के सामने की ओर</u> बगीचा है। (रेखांकित पदबंध का नाम लिखिए)

**4. <u>'समास' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए</u> :-- 1X3 = 3**

1) 'सहर्ष' का समास-विग्रह और समास का नाम लिखिए।

2) किस समास में उपमेय और उपमान में तुलना किया जाता है ?

3) 'चार राहों का समूह' समास-विग्रह के लिए समस्त पद और समास का नाम लिखिए।

**5. <u>'मुहावरे' पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए</u> :-- 2X1 = 2**

1) 'सूक्ति बाण चलाना' – मुहावरे से एक वाक्य बनाइए।

2) भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयनित होने के लिए दिन-रात --- पड़ती है। (सही मुहावरे से खाली स्थान भरिए)

**6. <u>'रचना' (वाक्य-भेद) पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए</u> :- 3X1 = 3**

1) साँझ हुई और पक्षी घोंसले में आ गए। (सरल वाक्य में बदलिए )

2) दो या दो से अधिक स्वतंत्र वाक्यों को जोड़ने के लिए किस प्रकार के योजक का प्रयोग होता है ?

3) मैं भाई साहब की लताड़ सुनकर आँसू बहाने लगता। (मिश्र वाक्य में बदलिए )

7. अपने मित्र शीतल को ' होली की शुभकामना ' संदेश लगभग 100 शब्दों में ई – मेल द्वारा भेजिए । **5**

8. अपने विद्यालय में 'हिन्दी दिवस' का आयोजन किया गया है - इसके लिए लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए । **4**

**9. <u>किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें</u> :- 3X2 = 6**

1) कबीरदास घर-फूँक मस्ती के लिए जाने जाते हैं - स्पष्ट कीजिए।

2) मीराबाई की भाषा शैली पर प्रकाश डालिए ।

3) 'दीनबंधु के विशाल हाथ होने से' – क्या आशय है ?

4) 'पर्वत प्रदेश में पावस' के दृश्यों को कवि ने 'इंद्रजाल' क्यों कहा है ?

**10. किन्हीं तीन प्रश्नों का उत्तर लगभग 40 शब्दों में दें :- 3X2 = 6**

1) बड़े भाई साहब की स्वभावगत विशेषताएँ लिखिए।

2) कलकत्ता वासियों के लिए 26 जनवरी 1931 का दिन क्यों महत्वपूर्ण था ?

3) 'तताँरा-वामीरो कथा' का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।

4) राजकपूर द्वारा फ़िल्म की असफलता के खतरों से आगाह करने पर भी शैलेन्द्र ने यह फ़िल्म क्यों बनाई ?

**11. <u>किन्हीं दो प्रश्नों का उत्तर लगभग 60 शब्दों में दें</u> :- 2X3 = 6**

1) हरिहर काका के गाँव में यदि मीडिया की पहुँच होती तो उनकी क्या स्थिति होती ? अपने शब्दों में लिखिए।

2) ठाकुरबारी के प्रति गाँव के लोगों की क्या धारणा थी ? लिखिए।

3) हेडमास्टर साहब ने पी. टी. साहब को क्यों मुअत्तल कर दिया ?